Tele : 26189210
Fax : 2618 3227
Web: www.ncbc.nic.in

त्रिकूट-१,भीकाजीकामाप्लेस,
नईदिल्ली–११००६६
Trikoot-1, BhikajiCama Place,
New Delhi - 110066

भारतसरकार
सामाजिकन्यायएवंअधिकारितामंत्रालय
राष्ट्रीयपिछड़ावर्गआयोग
Government of India
MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
DEPARTMENT OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
NATIONAL COMMISSION FOR BACKWARD CLASSES

F.No. NCBC/06/06/313/2020-CP **Dated: 22.12.2020**

To,

The Managing Director,
Bharat Sanchar Nigam Limited,
Harish Chandra Mathur Lane,
Janpath, New Delhi-110001
Email:-cmdbsnl@bsnl.co.in

Sub: Regarding mental harassment to OBC worker in BSNL.

Sir,

I am directed to refer to hearing dated 07.12.2020 on the above mentioned subject and to forward herewith Minutes of the hearing for necessary action and furnish action taken report to this Commission at the earliest.

2. This issues with the approval of Hon'ble Chairman, NCBC.

Encl: As above

Yours faithfully,

M.M. Chattopadhyay.
(Dr. M.M. Chattopadhyay)
Joint Director (Admin)

Copy to: Shri Umesh Rai, Manilok Apartment, Flat no. 301, DBC Road near Koyla Toll, New Yarpur, Patna, Bihar-800001.

F.No. NCBC/06/06/313/2020-CP
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
अनुसंधान अनुभाग
सुनवाई के कार्यवृत

श्री उमेश राय द्वारा प्राप्त शिकायत में बी. एस. एन. एल. द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारी के साथ हुए मानसिक उत्पीडन के सम्बन्ध में माननीय अध्यक्ष डॉ. भगवान लाल साहनी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष कोर्ट रूम, ग्राउंड फ्लोर, त्रिकूट -1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली -110066 में दिनाँक 07.12.2020 समय 03: 00 बजे सुनवाई नियत की गयी।

बैठक मे उपस्थित अधिकारी
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग :-

1. डॉ. भगवान लाल साहनी, माननीय अध्यक्ष
2. श्री दिनेश कुमार, निजी सचिव मा. अध्यक्ष
3. डॉ. राजुल रायकवार, अनुसंधान अधिकारी
4. श्री राहुल, विधि सलाहकार

आयोग के समक्ष उपस्थिति हेतु अपेक्षित अधिकारीगण :-

1. महा प्रबंधक, बी. एस. एन. एल.

उपस्थित शिकायतकर्ता :-

1. श्री उमेश राय

उपस्थित अधिकारीगण :-

1. श्री रमेश कुमार गोयल, पी. जी. एम., बी. एस. एन. एल.
2. श्री सतीश कुमार, डी. जी. एम., बी. एस. एन. एल.
3. श्री रनवीर सिंह चौहान, डी. जी. एम., बी. एस. एन. एल.
4. श्रीमति नीलम आयरी, ए. जी. एम., बी. एस. एन. एल.

सुनवाई के दौरान हुई चर्चा का विवरण:

1. प्रार्थी ने माननीय अध्यक्ष जी को सूचित किया कि उन्हें पिछड़ी जाति का होने के कारण विगत 10 वर्षो से मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उन्होंने उच्च अधिकारियो को भी

अपनी समस्या से कई दफा सूचित किया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रार्थी के बिलों को पास नहीं किया जा रहा है साथ ही वेतन भी नियमानुसार नहीं दिया जा रहा है जबकि प्रार्थी के साथ कार्यरत कर्मचारियों को अधिक वेतन दिया जा रहा। लगभग 10 वर्षो से प्रार्थी के चिकित्सकीय एवं अखबार सम्बन्धी बिलों का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी ने आयोग को यह भी अवगत करवाया कि जानबूझकर उनके साथ ऐसा किया जा रहा, वे अपने सारे बिलों को नियमनुसार ही जमा करते है परन्तु फिर भी बार बार उन्हें पुनः बिलों को जमा करने का निर्देश दिया जाता है। इन सभी कारणों की वजह से प्रार्थी मानसिक रूप से परेशान है जिसका असर उनकी स्वास्थ्य पर भी हो रहा है।

2. उपस्थित अधिकारियो ने आयोग को यह अवगत करवाया कि विगत कुछ वर्षो से बी. एस. एन. एल. आर्थिक मंदी से जूझ रही है जिसकी वजह से केवल प्रार्थी को नहीं बल्कि कार्यरत सभी कर्मचारियों को समय पर बिलों एवं वेतन का भुगतान नहीं किया जा पा रहा है परन्तु मार्च, 2020 के पूर्व के सभी कर्मचारियों के बिलों का भुगतान कर दिया गया है। बी. एस. एन. एल. में इ. आर. पी. (ERP) सिस्टम लागू है एवं सारा कार्य कंप्यूटर द्वारा ही किया जाता है अतः जातिगत भेदभाव का तो प्रश्न ही नहीं उठता है। जहां तक चिकित्सकीय बिलों के भुगतान का सवाल है तो प्रार्थी ने बिलों के साथ सम्बंधित कागजात उपलब्ध नहीं करवाए होंगे जिस वजह से इनके कुछ बिलों का भुगतान नहीं हुआ होगा क्यूकि चिकित्सकीय बिलों का भुगतान तो सी. जी. एच. एस. के बिलों के अनुसार ही होता है। परन्तु यदि फिर भी प्रार्थी संतुष्ट नहीं है तो हम पुनः जांच करवा लेंगे एवं जिम्मेदार अधिकारियो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

3. समस्त पक्षों पर ध्यान पूर्वक चर्चा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष, डॉ. भगवान लाल साहनी ने यह निर्णय लिया कि प्रार्थी पुनः अपनी समस्याओ को लिखित रूप में उपस्थित अधिकारियो को प्रस्तुत करेंगे एवं उपस्थित अधिकारियो अधिकारी 45 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही कर आयोग के समक्ष आख्या प्रस्तुत करेंगे एवं समस्या का निदान कर प्रार्थी को राहत प्रदान करेंगे, साथ ही जिम्मेदार अधिकारियो के खिलाफ उचित कार्यवाही भी की जाये।

दिनाँक: 22.12.2020

स्थान: नई दिल्ली

(डॉ. भगवान लाल साहनी)
माननीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग